Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 30 मार्च, 2021

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-30-march-2021

शहीद अशफाक उल्ला खान चिड़ियाघर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में गोरखपुर में शहीद अशफाक उल्ला खान चिड़ियाघर (गोरखपुर चिड़ियाघर) का उद्घाटन किया है। यह राज्य के पूर्वांचल क्षेत्र में पहला और सबसे बड़ा तथा उत्तर प्रदेश में तीसरा चिड़ियाघर है। इस परियोजना की परिकल्पना तकरीबन एक दशक पूर्व मई 2011 में की गई थी, किंतु राज्य की राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में इस परियोजना को पूरा नहीं किया जा सका। वर्ष 2017 में इस परियोजना के कार्य को पुनः शुरू किया गया। पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ यह चिड़ियाघर पूर्वांचल क्षेत्र में रोज़गार सृजन में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस संबंध में जारी अधिसूचना के मुताबिक, गोरखपुर चिड़ियाघर में अधिकांश जानवरों को लखनऊ और कानपुर के चिड़ियाघर से लाया गया है। साथ ही इस चिड़ियाघर में इज़रायल से ज़ेबरा लाए गए हैं, जो कि पर्यटकों के लिये आकर्षण का प्राथमिक केंद्र होगा। अब तक इस चिड़ियाघर में कुल 151 जानवरों को लाया गया है और इस संख्या को 400 तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है। ज्ञात हो कि इस चिड़ियाघर का नाम क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी अशफाक उल्ला खान के नाम पर रखा गया है। 22 अक्तूबर, 1900 को उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर में जन्मे अशफाक उल्ला खान को 'काकोरी डकैती' में शामिल होने के चलते राम प्रसाद 'बिस्मिल', राजेंद्र लाहिड़ी तथा रोशन सिंह के साथ मौत की सज़ा दी गई थी।

माउंट मेरापी

इंडोनेशिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखी 'माउंट मेरापी' में हाल ही में पुनः विस्फोट हुआ है। 2,968 मीटर (9,737 फुट) ऊँचा यह ज्वालामुखी इंडोनेशिया के घनी आबादी वाले द्वीप जावा और वहाँ के प्राचीन शहर याग्याकार्टा के पास है। माउंट मेरापी इंडोनेशिया में स्थित दर्जनों ज्वालामुखियों में सबसे अधिक सक्रिय ज्वालामुखी है और बीते कुछ वर्षों के दौरान इसमें लगातार विस्फोट होता रहा है। वर्ष 2010 में माउंट मेरापी में हुए बड़े विस्फोट में 347 लोगों की मौत हुई थी। इंडोनेशिया 270 मिलियन लोगों की आबादी वाला एक द्वीपसमूह है, जिसके 'रिंग ऑफ फायर' या परिप्रशांत महासागरीय मेखला में अवस्थित होने के कारण यहाँ कई सक्रिय ज्वालामुखी पाए जाते हैं और यह क्षेत्र भूकंप प्रवण क्षेत्र के अंतर्गत आता है। 'रिंग ऑफ फायर' प्रशांत महासागर के चारों ओर का एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ विवर्तनिक प्लेटें आपस में मिलती हैं। ध्यातव्य है कि इससे पूर्व माउंट मेरापी में इसी वर्ष जनवरी माह में विस्फोट देखा गया था।

मिताली एक्सप्रेस

हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना द्वारा संयुक्त तौर पर बांग्लादेश की राजधानी ढाका को भारत के न्यू जलपाईगुड़ी से जोड़ने वाली एक नई यात्री ट्रेन का उद्घाटन किया गया है। दोनों पड़ोसी देशों (भारत और बांग्लादेश) के बीच चलने वाली 'मैत्री एक्सप्रेस' (ढाका-कोलकाता) और 'बंधन एक्सप्रेस' (खुलना-कोलकाता) के बाद यह तीसरी यात्री ट्रेन है। 'मिताली एक्सप्रेस' नामक यह ट्रेन बांग्लादेश के सीमावर्ती रेलवे स्टेशन, चिल्हाटी से होते हुए पश्चिम बंगाल की ढाका छावनी और न्यू जलपाईगुड़ी के बीच संचालित की जाएगी। ढाका और चिल्हाटी के बीच की दूरी लगभग 453 किलोमीटर है और चिल्हाटी से न्यू जलपाईगुड़ी की दूरी लगभग 71 किलोमीटर है। दोनों देशों के बीच चलने वाली इस द्वि-साप्ताहिक ट्रेन से दोनों देशों में पर्यटन को काफी अधिक बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व बीते वर्ष भारत और बांग्लादेश ने 55 वर्षों से अधिक के अंतराल के बाद मालगाड़ियों की आवाजाही के लिये 'हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी मार्ग' पर परिचालन शुरू किया था।

भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग

प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के उल्लंघन के मामले में भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) ने 'व्हाट्सएप की नई गोपनीयता नीति' की जाँच का आदेश दिया है। आयोग के मुताबिक, व्हाट्सएप की मौजूदा नीति उपयोगकर्त्ताओं को यह विकल्प चुनने की अनुमति देती है कि वे अपना डेटा व्हाट्सएप और फेसबुक के साथ साझा करना चाहते हैं अथवा नहीं, किंतु नवीनतम गोपनीयता नीति फेसबुक के साथ इस तरह के डेटा साझाकरण को अनिवार्य बनाती है। व्हाट्सएप की नई नीति ने' फेसबुक के साथ उपयोगकर्त्ता द्वारा डेटा को साझा करने की सहमति देना व्हाट्सएप की सेवा प्राप्त करने हेतु एक पूर्व शर्त बना दिया है, जो कि प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 की धारा 4 का उल्लंघन करती है। इसके अलावा आयोग ने कंपनी द्वारा किये जा रहे डेटा संग्रहण को लेकर भी चिंता ज़ाहिर की है। नई नीति के मुताबिक, व्हाट्सएप भुगतान, भाषा तथा समय क्षेत्र, डिवाइस संचालन और उपयोगकर्त्ता के स्थान आदि से संबंधित सूचना एकत्र करेगा।